दिन– बुधवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 18 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा– मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत आवेदन करने वाली सभी महिलाओं को स्वरोजगार के लिए राशि दी जायेगी।

02. कृषि विस्तार चैटबॉट सुविधा की शुरूआत करने वाला बिहार देश का पहला राज्य बना। चैटबॉट से किसानों को एक ही मंच पर मिलेंगी सभी सूचनाएं।

03. बीपीएससी ने चौथे चरण की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा की सम्भावित तिथि जारी की। बाईस से सत्ताईस सितम्बर के बीच परीक्षा आयोजित होने की सम्भावना।

04. और, आईसीसी टी20 क्रिकेट विश्व कप में आज भारत और नीदरलैंड्स आमने–सामने। यह मैच शाम सात बजे से अहमदाबाद में खेला जायेगा।

---

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत उन सभी महिलाओं को स्वरोजगार के लिए राशि दी जायेगी, जिन्होंने आवेदन किया है। विधानसभा में विभागीय बजट अनुदान पर चर्चा का जवाब देते हुये उन्होंने कहा कि जो महिलाएं अपना रोजगार बेहतर तरीके से चलायेंगी, उन्हें दो लाख रूपये तक की अतिरिक्त सहायता प्रदान की जायेगी।

–––बाईट–––

---

शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा है कि प्रदेश के सभी श्रेणी के शिक्षकों को एक समान आवासीय भत्ता दिया जाएगा। विधानसभा में एक सवाल के जवाब में श्री कुमार ने कहा कि अब तक नब्बे प्रतिशत मामलों में एचआरए की विसंगति दूर कर ली गयी है। शेष दस प्रतिशत मामलों में जल्द ही विसंगति को दूर कर लिया जाएगा।

---

प्रदेश में बायो मेडिकल कचरा निस्तारण केंद्रों की संख्या बढ़ायी जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने विधान परिषद में एक सवाल के जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। श्री पांडेय ने बताया कि इस संबंध में चार एजेंसियों को जिम्मेदारी दी गयी है। वर्तमान में यह एजेंसियां पटना, भागलपुर, मुजफ्फरपुर और गयाजी में वैज्ञानिक तरीके से बायो मेडिकल कचरे का निस्तारण कर रही है।

---

बिहार, कृषि विस्तार चैटबॉट सुविधा की शुरूआत करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने बताया कि बिहार कृषि मोबाईल एप के साथ भारत विस्तार का समेकन कर दिया गया है। इस प्लेटफार्म के माध्यम से किसान अपने मोबाइल फोन से एक ही कॉल में सभी आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। श्री यादव ने इस पहल को कृषि क्षेत्र में डिजिटल क्रांति की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि इससे किसानों को फसल आधारित वैज्ञानिक सलाह, मंडी मूल्य और मौसम संबंधी जानकारी मिलेगी।

———बाईट———

गौरतलब है कि कल केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जयपुर में एक कार्यक्रम के दौरान किसानों के लिए डिजिटल प्लेटफार्म **भारत विस्तार** का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य किसानों को स्मार्ट, सशक्त और सूचना–समृद्ध बनाना है।

———————————————————

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, इसरो पश्चिम चम्पारण और भागलपुर में डॉप्लर वेदर रडार लगायेगा। कल पटना में संवाददाताओं से बातचीत में इसरो के अंतरिक्ष अनुप्रयोग केन्द्र के निदेशक निलेश एम. देसाई ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसरो मौसम सेवा केन्द्र और आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ मिलकर काम कर रहा है ताकि आने वाले दिनों में बिजली गिरने की सूचना एक से दो घंटे पहले ही लोगों को दी जा सके।

———बाईट———

श्री देसाई ने कहा कि बिहार में नेपाल से आने वाली बाढ़ को लेकर इसरो का रडार बेहतर काम कर रहा है।

———————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने चौथे चरण की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा की सम्भावित तिथि जारी कर दी है। आयोग की ओर से जारी संशोधित परीक्षा कैलेंडर के अनुसार यह परीक्षा बाईस सितम्बर से सत्ताईस सितम्बर के बीच आयोजित होने की सम्भावना है। किसी अन्य परीक्षा की तिथि में कोई बदलाव नहीं किया गया है। गौरतलब है कि आयोग ने पिछले दिनों कहा था कि चौथे चरण के तहत विभिन्न विभागों में छियालीस हजार से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति होगी और इसके लिए जल्द ही विज्ञापन प्रकाशित किया जायेगा।

———————————————————

शिक्षा विभाग ने विद्यालय अध्यापक के लिए चयनित उन अभ्यर्थियों को काउंसलिंग का एकबार फिर मौका दिया है, जो पहले विभिन्न कारणों से काउंसलिंग में उपस्थित नहीं हुए थे। बिहार लोक सेवा आयोग के माध्यम से चयनित विद्यालय अध्यापक के लिए एक हजार से अधिक अभ्यर्थी विभिन्न कारणों से काउंसलिंग में शामिल नहीं हो पाये थे।

---

मैट्रिक परीक्षा के पहले दिन कल प्रदेशभर से कदाचार के आरोप में पांच परीक्षार्थियों को निष्कासित किया गया। वहीं, दूसरे के बदले परीक्षा देते हुये नौ फर्जी परीक्षार्थी पकड़े गये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोपालगंज से दो और नवादा, मधेपुरा तथा अररिया जिले से एक–एक परीक्षार्थी निष्कासित किये गये जबकि भोजपुर जिले से सबसे अधिक चार फर्जी परीक्षार्थी पकड़े गये। वहीं, रोहतास, अररिया, सारण, सीवान और सहरसा जिले से एक–एक फर्जी परीक्षार्थी पकड़े गये हैं।

---

पटना उच्च न्यायालय ने अपने एक फैसले में कहा है कि दूसरी पत्नी के संतान भी अनुकम्पा पर नौकरी पाने के हकदार हैं। न्यायामूर्ति सुधीर सिंह और न्यायामूर्ति राजेश कुमार वर्मा की पीठ ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुये एकल पीठ के आदेश को निरस्त करते हुये यह फैसला सुनाया।

---

आईसीसी टी20 क्रिकेट विश्व कप में आज भारत और नीदरलैंड्स आमने–सामने होंगे। यह मैच शाम सात बजे से अहमदाबाद में खेला जायेगा। वहीं, प्रतियोगिता के एक अन्य मैच में आज दक्षिण अफ्रीका का सामना संयुक्त अरब अमीरात से होगा। ये मैच, सुबह ग्यारह बजे से खेला जाएगा। इधर, दोपहर तीन बजे से कोलंबो में पाकिस्तान और नामीबिया के बीच मुकाबला होगा। इस बीच, कल रात हुये एक मैच में नेपाल ने स्कॉटलैंड को सात विकेट से हरा दिया। नेपाल ने एक सौ इकहत्तर रन का लक्ष्य उन्नीस ओवर और दो गेंद में हासिल करते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। टी–20 विश्व कप में बारह साल के बाद नेपाल की यह पहली जीत है। इधर, जिम्बाव्वे और आयरलैंड के बीच बारिश के चलते रद्द हुये मैच के कारण ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट से बाहर हो गयी है। वहीं, पूर्व चैंपियन भारत पहले ही ग्रुप ए से सुपर एट के लिए क्वालिफाई कर चुका है।

---

चंडीगढ़ में आयोजित ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज कबड्डी टूर्नामेंट में बिहार महिला टीम ने कांस्य पदक जीता है।

जमुई में आयोजित बाल दंगल प्रतियोगिता में बेगूसराय की जुगनू ने पहला स्थान हासिल किया है। वहीं, जिले की काजल को प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल हुआ।

---

मुजफ्फरपुर जिले के मिठनपुरा थाना क्षेत्र के बेला रोड में कुख्यात अपराधी पप्पू सहनी पुलिस एनकाउंटर में मारा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अपराधी ने बेला थाना में पदस्थापित एएसआई विकास कुमार सिंह को गोली मार दी थी, जिसके बाद पुलिस की कार्रवाई में अपराधी की मौत हुई। पप्पू सहनी एटीएम ठगी गिरोह चलाता था और उसपर कई मामले दर्ज थे। एएसआई विकास कुमार सिंह स्थानीय अस्पताल में इलाजरत हैं।

---

नीट छात्रा की मौत के मामले में सीबीआई की टीम ने कल एक बार फिर मृतका के पैतृक आवास पहुंचकर परिजनों से पूछताछ की। जांच एजेंसी ने मृतक छात्रा के भाई से लम्बी पूछताछ की है। साथ ही उसके मोबाईल को भी जब्त कर लिया गया है।

---

विशेष निगरानी इकाई की टीम ने मुजफ्फरपुर के अनुमंडल कृषि पदाधिकारी हिमांशु कुमार और उसके ड्राईवर रामबाबू राय को पचास हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अधिकारी खाद दुकान की जांच में राहत देने के नाम पर रिश्वत ले रहा था। वहीं, दूसरी तरफ निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने किशनगंज जिला खनन कार्यालय के दो कर्मियों को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। ब्यूरो ने लिपिक अशोक कुमार चौधरी को आठ हजार रूपये और परिचारी सरोज कुमार सिंह को सात हजार रूपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया।

---

पटना जिले के बिक्रमगंज में एक तिलक पार्टी से लौटने के चौबीस घंटे के अंदर दुल्हा के भाई समेत पांच लोगों की संदेहास्पद परिस्थितियों में मौत हो गयी। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

---

नालंदा जिले के एकंगरसराय–जहानाबाद मुख्य मार्ग पर तेल्हाड़ा कठार पुल के पास सड़क हादसे में तीन चचेरे भाईयों की मौत हो गयी।

---

मधुबनी जिले के बासोपट्टी थाना क्षेत्र के कोतवाली चौक के पास से पुलिस ने नकली नोट के कारोबार से जुड़े कुख्यात अपराधी अबूल इमान को गिरफ्तार कर लिया है।

---

भागलपुर जिले के मधुसूदनपुर थाना क्षेत्र के रहमत बाग में पुलिस ने छापेमारी कर एक मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। मौके से निर्मित–अर्द्धनिर्मित हथियार और हथियार बनाने के उपकरणों के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया।

---

सिपाही भर्ती परीक्षा में फर्जीवाड़ा करने के आरोप में दो अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया गया है। इन दोनों ने लिखित परीक्षा में अपनी जगह दूसरे को परीक्षा देने के लिए बैठाया था।

---

मुंगेर जिले के वासुदेवपुर थाना क्षेत्र के शेरपुर स्थित एक बगीचा से पुलिस ने चार सौ चालीस लीटर शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

---

अररिया के श्रम भवन में आज जिलास्तरीय नियोजन सह मार्गदर्शन मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में विभिन्न निजी कम्पनियां युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेगी। मेले का समय सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक निर्धारित है। यह मेला युवा रोजगार और कौशल विकास विभाग की ओर से आयोजित किया जा रहा है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– फ्रांस हथियार और तकनीक दोनों देगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में करार, राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा– भारत हमारा बेहद भरोसेमंद साझेदार।

दैनिक जागरण ने लिखा है– राज्य में चार सौ अड़सठ करोड़ रूपये निवेश पर एमओयू, आईआईटी पटना में बनेगा रिसर्च पार्क। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट एंड एक्सपो में सहमति पत्र किया गया हस्ताक्षर।

प्रभात खबर लिखता है– शिक्षा विभाग में पैंतालीस हजार परिचारी और नौ सौ पैंतीस एईडीओ की नियुक्ति जल्द।

दैनिक भास्कर के शब्द हैं– पैतृक जमीन पर नया घर बनाने वालों को वंशावली पर ही मिलेगा बिजली कनेक्शन। अपने नाम की स्वामित्व रसीद देने की अनिवार्यता समाप्त।

राष्ट्रीय सागर ने बांग्लादेश के नये प्रधानमंत्री तारिक रहमान के शपथ ग्रहण की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अखबार लिखता है–शपथ समारोह में शामिल हुये ओम बिरला।

आज अखबार की सुर्खी है– छियालीस हजार शिक्षकों की नियुक्ति के लिए बाईस से सत्ताईस सितम्बर तक होगी परीक्षा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा– मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत आवेदन करने वाली सभी महिलाओं को स्वरोजगार के लिए राशि दी जायेगी।

02. कृषि विस्तार चैटबॉट सुविधा की शुरूआत करने वाला बिहार देश का पहला राज्य बना। चैटबॉट से किसानों को एक ही मंच पर मिलेंगी सभी सूचनाएं।

03. बीपीएससी ने चौथे चरण की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा की सम्भावित तिथि जारी की। बाईस से सत्ताईस सितम्बर के बीच परीक्षा आयोजित होने की सम्भावना।

04. और, आईसीसी टी–20 क्रिकेट विश्व कप में आज भारत और नीदरलैंड्स आमने–सामने। यह मैच शाम सात बजे से अहमदाबाद में खेला जायेगा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।